तूने लाज बचायी है | by Mayur Gupta

जब भी मुसीबत आई है, तूने लाज बचाई है
आज भी तेरा रास्ता देख रहे हम
जल्दी आ जाओ वरना रो देंगे हम

(1) थाम ले मेरी जीवन डोरी श्याम धनी सरकार,
तुझसे ही बस आस लगाई लीले के असवार,
मेरी जीवन नैय्या जो हिचकोले गर खाए तो,
माझी बनकर पार लगाना मोहन ।
जल्दी आ जाओ----------

(2)ये छोटी सी अरदास है मेरा ,हाथ पकड़ रखना,
बुरा हूं चाहे भला हूं मेरी, ख़ैर ख़बर रखना,
सही ग़लत मैं जैसा हूं ,आखिर बेटा तेरा हूं,
मुझको तेरे होते कैसा है ग़म।
जल्दी आ जाओ----------

(3) मन में सबके विश्वास है पूरा,आएंगे बाबा श्याम,
दिल में छुपी जो वो बात करूंगा, मैं साँवरिया के साथ,
सामने तेरे बैठूंगा, एकटक तुझको देखूंगा,
"सचिन" का दिल ये जब तक जाए ना भर।
जल्दी आ जाओ ----------

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%82%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%9c-%e0%a4%ac%e0%a4%9a%e0%a4%be%e0%a4%af%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-mayur-gupta/